**प्रेस नोट**
**दिनांक 27.06.2026**

## थाना को0 नगर पुलिस द्वारा चोरी करने के 02 आरोपी अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार–

## कार्यवाही:–

श्रीमान पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री अजीत कुमार रजक के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर श्री आनन्द कुमार राय के नेतृत्व थाना को0 नगर पुलिस टीम द्वारा चोरी करने के 02 आरोपी अभियुक्तों–01. गोविन्द पण्डित पुत्र बैरागी निवासी मथुरा बाजार थाना ललिया जनपद बलरामपुर, हाल पता सतईपुरवा थाना कोतवाली नगर जनपद गोण्डा, 02. आमीर अंसारी पुत्र मो० हुसैन अंसारी निवासी सतईपुरवा थाना कोतवाली नगर जनपद गोण्डा को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी का माल बरामद किया गया।

## घटना का संक्षिप्त विवरण–

प्रार्थिनी मदिना खातून पत्नी मो० जलिल, निवासी ग्राम सतईपुरवा, थाना नगर कोतवाली, जनपद गोण्डा द्वारा थाना को0 नगर में लिखित तहरीर दी गयी कि दिनांक 26.06.2026 को समय करीब रात्रि 08:30 बजे मैं ताजिया ठण्डा करके घर वापस आई तो देखा कि दो व्यक्ति मेरे घर से मेरी एक जोड़ी पायल, एक जोड़ी बिछुआ, मेरी पुत्री राबिया की एक जोड़ी पायल तथा स्टील के गुल्लक में रखे ₹131/– चोरी कर भाग रहे थे। शोर मचाने पर मेरे पुत्र मुकद्दर व उसके मित्र मो० शफीक ने दोनों को चोरी के सामान सहित पकड़ लिया है। वादिनी की लिखित तहरीर के आधार पर थाना को0 नगर में ससुंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत चोरी करने के 02 आरोपी अभियुक्तों को पुलिस हिरासत में लेकर उनके कब्जे से चोरी का माल बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के विरूद्ध थाना को0 नगर पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

## गिरफ्तार अभियुक्तगण–

01. गोविन्द पण्डित पुत्र बैरागी निवासी मथुरा बाजार थाना ललिया जनपद बलरामपुर, हाल पता सतईपुरवा थाना कोतवाली नगर जनपद गोण्डा।
02. आमीर अंसारी पुत्र मो० हुसैन अंसारी निवासी सतईपुरवा थाना कोतवाली नगर जनपद गोण्डा।

## पंजीकृत अभियोग–

01. मु0अ0सं0–596/2026 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस थाना को0 नगर जनपद गोण्डा।

## बरामदगी–

01. दो जोड़ी पायल (सफेद धातु)
02. एक जोड़ी बिछुआ (सफेद धातु)
03. नगद ₹131/– (₹50 के दो नोट, ₹20 का एक नोट, ₹2 के पाँच सिक्के एवं ₹1 का एक सिक्का)
04. एक स्टील का गुल्लक

## गिरफ्तार कर्ता टीम–

01. उ0नि0 पशुपतिनाथ तिवारी, रात्रि अधिकारी, थाना कोतवाली नगर।
02. हे0मो0 विनोद यादव

**मीडिया सेल, गोण्डा।**

**प्रेस नोट**
**दिनांक 27.06.2026**

## थाना छपिया पुलिस द्वारा जानलेवा हमला करने के आरोपी अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार–

श्रीमान पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री अजीत कुमार रजक के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी मनकपुर श्री उदित नारायण पालीवाल के नेतृत्व में थाना छपिया पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0स0– 321/2025, धारा 191(3), 115(2), 352, 351(3), 109(1) बीएनएस से सम्बन्धित आरोपी अभियुक्त–01. बृजेश मिश्रा पुत्र पारसनाथ मिश्रा निवासी ग्राम सकदरपुर, थाना छपिया, जनपद गोण्डा को ग्राम सकदरपुर से गिरफ्तार कर लिया गया।

**घटना का संक्षिप्त विवरण–**

प्रार्थी रमाकान्त मिश्रा पुत्र सुग्रीव मिश्रा निवासी ग्राम सकदरपुर, थाना छपिया, जनपद गोण्डा द्वारा थाना छपिया में लिखित तहरीर दी गयी कि दिनांक 03.09.2025 को प्रातः लगभग 09:30 बजे भूमि पर निर्माण कार्य को लेकर विपक्षीगण राजमणि, देवमणि, छैलबिहारी, बृजेश, इन्द्रमणि तथा अन्य अज्ञात व्यक्तियों द्वारा एक राय होकर प्रार्थी, उसके भाई अमित कुमार एवं पिता सुग्रीव मिश्रा के साथ गाली–गलौज करते हुए लाठी–डण्डों से मारपीट की गई, जिससे उन्हें चोटें आईं। वादी की लिखित तहरीर के आधार पर थाना छपिया में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना छपिया पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण–**

01. बृजेश मिश्रा पुत्र पारसनाथ मिश्रा निवासी ग्राम सकदरपुर, थाना छपिया, जनपद गोण्डा।

**पंजीकृत अभियोग–**

01. मु0अ0स0– 321/2025 धारा 191(3),115(2),352,351(3),109(1) बीएनएस थाना छपिया जनपद गोण्डा।

**गिरफ्तारकर्ता टीम–**

01. उ0नि0 घनश्याम वर्मा।
02. उ0नि0 अविनाश मणि त्रिपाठी।
03. हे0का0 अरविन्द कुमार।
04. का0 शैलेश कुमार।
05. का0 अवनीश यादव।

**मीडिया सेल, गोण्डा।**

**<u>प्रेस नोट</u>**
**<u>दिनांक 27.06.2026</u>**

**<u>वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा, सम्मान एवं सहायता के लिए गोण्डा पुलिस की विशेष पहल, घर–घर पहुंचकर 211 वारिष्ठ नागरिको की समस्याएं सुनकर किया गया निस्तारण–</u>**

गोण्डा। अपर पुलिस महानिदेशक, गोरखपुर जोन, गोरखपुर द्वारा जारी निर्देशों के क्रम में जनपद गोण्डा पुलिस द्वारा वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा, सम्मान, सहायता एवं उनके साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से विशेष कम्युनिटी पुलिसिंग अभियान प्रारम्भ किया गया है। वर्तमान सामाजिक परिवेश को दृष्टिगत रखते हुए जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में निवास करने वाले 70 वर्ष अथवा उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों का चिन्हीकरण कर उनका विवरण संकलित किया जा रहा है। इसके लिए प्रत्येक थाने की कम्युनिटी पुलिसिंग यूनिट बनायी गयी है जो नियमित रूप से वरिष्ठ नागरिकों से संपर्क स्थापित कर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं एवं सुरक्षा संबंधी चिंताओं की जानकारी प्राप्त करेगी। अभियान के अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों का 02 विशेष वरिष्ठ नागरिक रजिस्टर तैयार किया गया है, जिसमें उनका नाम, पता, मोबाइल नंबर, आयु, स्वास्थ्य एवं सामाजिक स्थिति सहित संपर्क से संबंधित आवश्यक विवरण अंकित किया जाएगा। सीपीयू टीम द्वारा प्रत्येक सप्ताह निर्धारित दिवसों (सोमवार, बुधवार, शानिवार) पर वरिष्ठ नागरिकों से संपर्क स्थापित कर उनकी कुशलक्षेम जानी जाएगी तथा आवश्यकता पड़ने पर उन्हेंत त्काल पुलिस सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा समस्त क्षेत्राधिकारियों, थाना प्रभारियों एवं सी०पी०यू० टीमों को निर्देशित किया है कि वे वरिष्ठ नागरिकों के प्रति संवेदनशील एवं सहयोगात्मक व्यवहार अपनाते हुए नियमित संवाद स्थापित करें तथा उनकी समस्याओं के समाधान हेतु प्रभावी कार्रवाई करें। उक्त अभियान के क्रम में आज दिनांक 27.06.2026 को जनपदीय सीपीयू टीम द्वारा जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में कुल 211 वरिष्ठ नागरिकों से उनके आवास पर पहुंचकर संपर्क स्थापित किया गया। इनमें थाना कोतवाली नगर के 02, को0 देहात के 09, खरगूपुर के 20, इटियाथोक के 42, धानेपुर के 07, मोतीगंज के 09, मनकापुर के 20, छपिया के 21, खोड़ारे के 11, तरबगंज के 04, थाना उमरीबेगमगंज के 05, वजीरगंज के 14, नवाबगंज के 07, को0 कर्नलगंज के 05, कौड़िया के 11, परसपुर के 06, कटराबाजार के 15 तथा महिला थाना के 03 वरिष्ठ नागरिक शामिल हैं। संपर्क अभियान के दौरान पुलिस टीम द्वारा वरिष्ठ नागरिकों का कुशलक्षेम जाना गया, तथा उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं को गंभीरता से सुनते हुए उनके त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की गई। साथ ही वरिष्ठ नागरिकों को सुरक्षा संबंधी आवश्यक जानकारी प्रदान करते हुए किसी भी आपात स्थिति में तत्काल पुलिस सहायता प्राप्त करने हेतु जागरूक किया गया। गोण्डा पुलिस की इस जनहितकारी एवं संवेदनशील पहल की वरिष्ठ नागरिकों द्वारा सराहना की गई तथा उन्होंने पुलिस के प्रति अपना विश्वास एवं संतोष व्यक्त किया।

**<u>मीडिया सेल, गोण्डा।</u>**